# उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-सूची

-------

बुधवार, 14 फाल्गुन, शक संवत् 1946

(दिनांक 05 मार्च, 2025 ई0)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न [देखिये नत्थी (क)]।

2-निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचना।

3-मुख्य मंत्री, दिनांक 02-07-2024 को ग्राम फुलरई मुगलगढ़ी, थाना सिकन्दराराऊ, जनपद हाथरस में श्री साकार नारायण विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग कार्यक्रम में घटित घटना के सम्बन्ध में गृह (पुलिस) अनुभाग-12 की अधिसूचना सं0-U-0-50/छः-पु0-12-2024 लखनऊ, दिनांक 03 जुलाई, 2024 द्वारा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव (द्वितीय), मा0 न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त), उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अध्यक्षता में गठित त्रिसदस्यीय हाथरस न्यायिक जाँच आयोग द्वारा प्रस्तुत जाँच आख्या खण्ड-1, खण्ड-2 व खण्ड-3 को जाँच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा-3 की उपधारा (4) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

4-सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनाएं, यदि कोई हों।

5-विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6-याचिकाओं का उपस्थापन [देखिये नत्थी (ख)]।

7-नियम-315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणाएं, यदि कोई हों।

8-मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हो।

9-कार्य-स्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10-नियम-51 के अन्तर्गत अविलम्बनीय, लोक महत्व के विषय पर ध्यान आकृष्ट करने की सूचनाएं, यदि कोई हों।

11-जनपद मुजफ्फरनगर के विधान सभा क्षेत्र बुढ़ाना के कल्लरपुर रजवाहे की शाखा लालूखेड़ी-भौराकलां पर निर्माण कराये जा रहे पुलों की गुणवत्ता की जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजपाल सिंह बालियान द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2025 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत जल शक्ति मंत्री का वक्तव्य।

12-जनपद महोबा में कबरई नगर में बस स्टैण्ड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राकेश कुमार गोस्वामी द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2025 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत परिवहन मंत्री का वक्तव्य।

13-विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर, जनपद जौनपुर में कशनही वाले रोड में ग्राम सभा बीबीपुर के सुशील यादव के घर तक सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 रागिनी द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2025 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत पंचायती राज मंत्री का वक्तव्य।

14-जनपद श्रावस्ती के अन्तर्गत विकास खण्ड इकौना में स्थित सीताद्वार मंदिर का जीर्णोद्धार कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम फेरन पाण्डेय द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2025 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री का वक्तव्य।

15-जनपद गोण्डा के विधान सभा क्षेत्र मनकापुर के झिलाही मार्ग पर कोहोबा बाजार में नाले पर पुल का निर्माण के सम्बन्ध में श्री रमापति शास्त्री द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2025 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का वक्तव्य।

16-जनपद लखनऊ के दयाल पैराडाइज चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगवाये जाने के सम्बन्ध में श्री अनुराग सिंह द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2025 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

17-जनपद अयोध्या के तहसील मिल्कीपुर स्थित मौजा चिखड़ी में गाटा सं0-284 क एवं 284 ख को फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर क्रय भूमि को निरस्त करते हुये राज्य सरकार के खाते में निहित करने की कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री अभय सिंह द्वारा

दिनांक 28 फरवरी, 2025 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

18-राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' [देखिये नत्थी (ग)]।

लखनऊ : आज्ञा से,

दिनांक 05 मार्च, 2025 ई0

**प्रदीप कुमार दुबे,**

प्रमुख सचिव।

-------

**तारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
|---|---|
| *1-19 | 07-02-2025 |
| *20 | 10-02-2025 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1-62 | 07-02-2025 |
| 63-196 | 10-02-2025 |
| 197 | 11-02-2025 |
| 198 | 20-02-2025 |
| 199-202 | 10-02-2025 |

# नत्थी (क)

# उत्तर प्रदेश विधान सभा

बुधवार, 14 फाल्गुन, शक संवत् 1946

(दिनांक 05 मार्च, 2025 ई0)

-----------

(नोट :- प्रश्नकर्ता के नाम के नीचे मुद्रित तिथि प्रश्न की प्राप्ति की तिथि है, प्रश्नों पर कार्यवाही प्राप्ति के क्रम में की गयी है। जिन प्रश्नों में तिथि व्यतिक्रम है, वे स्थानान्तरित प्रश्न हैं।)

## तारांकित प्रश्न

श्री संदीप सिंह
06-01-2025

*1-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार जिन ग्रामों की बसावटों की आबादी सौ से अधिक और ढाई सौ की आबादी से कम है, उन्हें पक्के सम्पर्क मार्ग से जोड़ने हेतु कोई कार्य योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-1

------

श्री कविन्द्र चौधरी
06-01-2025

*2-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सिंगल उपयोग पालीथीन के निर्माण करने वाली कितनी इकाई कार्यरत हैं क्या सरकार बताएगी कि प्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग वर्जित है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके उत्पादन, भण्डारण, वितरण एवं उपभोग को प्रतिबन्धित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>07-01-2025 | *3-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वायु प्रदूषण से मानव जीवन एवं पर्यावरण पर पड़ रहे गम्भीर नकारात्मक प्रभावों की समाप्ति हेतु कृषि अपशिष्ट, कूड़ा-करकट एवं ई-कचरा जलाने से रोकने, पटाखा निर्माण फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों का सत्यापन कर उन्हें आबादी क्षेत्र से बाहर करने, शादी समारोहों या अन्य मौकों पर होने वाली आतिशबाजी पर प्रतिबन्ध लगाने जैसी कोई योजना प्रचलित है ? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| | ------ | |
| श्री पंकज मलिक<br>07-01-2025 | *4-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम हेतु कोई नीति है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नीति के तहत मानक के आधार पर कारखाने इत्यादि का संचालन न करने वालों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही का क्या प्रावधान है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| | ------ | |
| डॉ0 रागिनी<br>07-01-2025 | *5-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के शहरी और ग्रामीण अंचलों में नई आबादी के क्षेत्रों को विद्युतीकरण से आच्छादित करने के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| | ------ | |
| श्री पंकज पटेल<br>07-01-2025 | *6-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युत के लो-वोल्टेज की बढ़ती समस्या के निवारण के लिए कोई योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि प्रदेश में जिन स्थानों पर बाँस या बल्ली के सहारे विद्युत तार खींचे गये हैं के स्थान पर सरकार विद्युत पोल लगवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| | ------ | |
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>07-01-2025 | *7-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किसानों को समृद्धशाली बनाने के लिए उनकी पैदावार के लिए उपयोगी शुगर मिलों से निकलने वाली मैली खाद को किसानों को निःशुल्क दिलवाये जाने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>07-01-2025 | *8-[दिनांक 19-02-2025 को उत्तरित तारांकित प्र0सं0-5 के विषय की पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>07-01-2025 | *9-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गन्ना किसानों के हितार्थ उनके गन्ना फसल के विक्रय हेतु चीनी मिलों पर 24 घण्टे पहले आनलाइन एवं आफलाइन पंजीकरण कराने के पश्चात् चीनी मिल पर गन्ना गिराने तथा गन्ना गिराने के 15 दिन पश्चात् किसानों को भुगतान करने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |
| | ------ | |
| श्रीमती पिंकी सिंह<br>07-01-2025 | *10-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों व औद्योगिक इकाइयों से उत्सर्जित कूड़ा एवं अशुद्ध जल व्यवस्थित करने के विगत पांच वर्षों में क्या प्रयास किये गये हैं ? क्या सरकार उक्त प्रयासों पर कार्यवार व्यय धनराशि का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन से सम्बन्धित विगत 5 वर्षों में किए गए कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं,तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>07-01-2025 | *11-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नवीन कॉलोनियों की स्थापना हेतु विक्रेताओं के द्वारा कॉलोनी में सड़क, नालियां, पेयजल एवं विद्युत की समुचित व्यवस्था किये जाने के उपरान्त एन0ओ0सी0 प्राप्त करने पर ही प्लॉटिंग करने की अनुमति दिए जाने की नीति निर्धारण पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |
| | ------ | |
| श्री अरमान खान<br>07-01-2025 | *12-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर निगमों व नगर पालिका परिषद्, नगर पंचायतों में सफाई कार्य के लिए आवश्यक संख्या के सापेक्ष सफाई कर्मी के कार्य नहीं करने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है ? क्या सरकार लखनऊ नगर निगम सहित समस्त नगर निकायों में नियुक्त सफाई कर्मियों तथा पर्यवेक्षकों की संख्या बढ़ायेगी ? क्या सरकार सफाई कार्य का निरीक्षण प्रक्रिया में स्थानीय विधायक/सांसद को शामिल करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>07-01-2025 | *13-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये ट्रांसफार्मर के बार-बार जलने से उपभोक्ताओं को विद्युत संकट का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार ने उक्त के समाधान हेतु कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशु मलिक<br>07-01-2025 | *14-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>07-01-2025 | *15-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के डाटा ट्रांसमिशन के लिए मोबाइल नेटवर्क का इस्तेमाल होता है ? यदि हां, तो क्या सरकार खराब सिग्नल वाले क्षेत्रों में यह ठीक प्रकार से काम नहीं करने के कारण क्या सरकार ऐसे क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>08-01-2025 | *16-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शहरों, कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन (बिजली के तारों) को अन्यत्र शिफ्ट करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>08-01-2025 | *17-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितनी ऐसी मिलें हैं जहां चीनी उत्पादन के साथ अन्य सहयोगी उत्पादन की इकाइयाँ हैं ? क्या सरकार की इन चीनी मिलों में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाले कर्मचारियों को संविदा अथवा सरकारी पोस्टिंग देने की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>08-01-2025 | *18-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पेराई सत्र, 2024-25 में गन्ना मूल्य निर्धारित न होने के कारण चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य अंकित नहीं किया जा रहा है ? यदि हां, तो सरकार | चीनी उद्योग-3 |

गन्ना मूल्य में वृद्धि कराते हुए चीनी मिलों को मूल्य अंकित कराने तथा बकाया एवं वर्तमान गन्ना मूल्य का भुगतान करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री लकी यादव
08-01-2025

*19-[दिनांक 19-02-2025 को उत्तरित तारांकित प्र0सं0-19 के विषय की पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।]

-------

श्री गौरव कुमार
15-01-2025

*20--[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।]

-------

## अतारांकित प्रश्न

श्री कविन्द्र चौधरी
09-01-2025

1-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर रीडर द्वारा बिना उपभोक्ता के घर जाये लोगों के बिल अनुमानित रीडिंग अनुसार बनाने से लोगों को त्रुटिपूर्ण बिजली बिल मिल रहे हैं ? क्या सरकार विद्युत उपभोगताओं की मीटर रीडिंग में बिल उपलब्ध कराने की कार्य योजना बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? ऊर्जा-3

------

श्री कविन्द्र चौधरी
09-01-2025

2-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज के फीडर हरदी अन्तर्गत ग्राम पतिला में शिव मंदिर और पतिला खेल के मैदान में बिजली की कोई व्यवस्था नहीं हैं ? क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों पर विद्युतीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? ऊर्जा-3

------

श्री अनिल प्रधान
10-01-2025

3-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी के ग्राम पंचायत धौरहीमाफी के सभी मजरों में विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? ऊर्जा-1

------

श्री अनिल प्रधान
10-01-2025

4-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी के ग्राम पंचायत गोंडा के मजरा कोरारी में विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? ऊर्जा-1

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>10-01-2025 | 5-क्या ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी के ग्राम पंचायत भैसौंधा के मजरा सज्जन का पुरवा में विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>10-01-2025 | 6-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत किन-किन शहरों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा योजना के अन्तर्गत नगरवार कितनी धनराशि व्यय की गयी ? क्या सरकार किसी थर्ड पार्टी एजेन्सी अथवा विधान सभा सदस्यों की समिति बनाकर इन कार्यों के गुणवत्ता की समीक्षा कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज पटेल<br>10-01-2025 | 7-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर की मुँगराबादशाहपुर विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में कितने लोगों का विद्युत बिल 10 हजार रुपये से ज्यादा बकाया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण ग्राम पंचायतवार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>10-01-2025 | 8-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी के ग्राम पंचायत भैसौंधा के मजरा छिवलहापुरवा में विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>10-01-2025 | 9-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी के ग्राम पंचायत भारतपुर के मजरा कुम्हारनपुरवा में विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज पटेल<br>10-01-2025 | 10-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर में मुंगराबादशाहपुर विधान सभा क्षेत्र में जनवरी 2022 से दिनांक 10-01-25 तक कितने ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति हुई तथा वर्तमान मे कितने | ऊर्जा-1 |

ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल
10-01-2025

11-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के हाजीपुर से गोला जनपद गोरखपुर को जोड़ने के लिए सरयू नदी का पुल का निर्माण कार्य धन के अभाव में रुका हुआ है, जिससे आम-जनमानस को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन पुल के निर्माण के लिए धन उपलब्ध कर समय-सीमा निर्धारित कर पूर्ण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-6

------

श्री पंकज पटेल
10-01-2025

12-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर की मुँगराबादशाहपुर विधान सभा क्षेत्र में विद्युत कटौती तथा लो वोल्टेज की समस्या से किसानों, छात्रों, व्यापारियों तथा आम-जनमानस को समस्या का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त समस्या का समाधान कर उक्त क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

------

श्री पंकज पटेल
10-01-2025

13-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर में मुंगराबादशाहपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत सप्लाई हेतु किन-किन क्षेत्रों में कितने ऐसे ट्रांसफॉर्मर हैं, जिन पर विद्युत सप्लाई लोड अधिक होने से बार-बार जल जा रहे हैं या ख़राब हो जा रहे हैं ? क्या सरकार ऐसे ट्रांसफॉर्मर को बदलकर अधिक क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगवाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-1

------

श्री त्रिभुवन दत्त
10-01-2025

14-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि करमैनी से नेउरी (अम्बेडकरनगर) तक प्रस्तावित एन0एच0 328A का निर्माण कब तक शुरू किया जाएगा ? क्या जनपद अम्बेडकरनगर की प्रमुख बाजार रामनगर में बाईपास का निर्माण प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य करा दिया जाएगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-12

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिभुवन दत्त<br>10-01-2025 | 15-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अम्बेडकरनगर की प्रमुख बाजार रामनगर (तहसील मुख्यालय आलापुर) में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के दृष्टिगत आरोपुर से हुसैनपुर तक जहांगीरगंज रजवाहा की दोनों पटरी को पिच (डामरीकरण) कराते हुए बाईपास मार्ग का निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिभुवन दत्त<br>10-01-2025 | 16-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र आलापुर की रामनगर बाजार में बाईपास मार्ग का नव निर्माण कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>10-01-2025 | 17-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के इन्जीनियरिंग कालेज महमूदपूर मार्ग से चौधेडी जाने वाला मार्ग गहरे गड्ढों के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है ? जिससे आम-जनमानस को आवगमन होने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त मार्ग की विशेष मरम्मत कराये जाने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-14 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>10-01-2025 | 18-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर में द्वारिकेश शुगर मिल का दूषित जल गांगन नदी में तथा नूरपुर की बिंदल शुगर मिल चांगीपुर का दूषित जल आस-पास के खेतों में प्रवाहित किये जाने से जल प्रदूषण एवं मृदा प्रदूषण दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है ? क्या सरकार उक्त की रोकथाम हेतु कोई नियम बनाकर दिशा-निर्देश जारी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>10-01-2025 | 19-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गोरखपुर के नगर निगम गोरखपुर के अन्तर्गत चरगांवा स्थित रेल विहार कालोनी फेज प्रथम स्थित पार्क के बाउन्ड्रीवाल एंव सौन्दर्यीकरण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>10-01-2025 | 20-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर में शेरपुर-बबुरा मार्ग से शमशुद्दीनपुर तक मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>10-01-2025 | 21-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् क्षेत्र बिलारी की जलभराव समस्या दूर करने हेतु नगर बिलारी से अरिल नदी तक सीवेज लाइन बिछाने की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या सरकर उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>10-01-2025 | 22-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी में यमुना नदी पर सूर्य मन्दिर से कालपी को जाने वाला मार्ग कच्चा होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यो ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>10-01-2025 | 23-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम फिरोजाबाद के डूडा विभाग में नारी शक्ति मिशन के अन्तर्गत गठित सामूहिक समूह की महिलाओं को कोई स्थायी रोजगार दिलाए जाने का कार्य करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>10-01-2025 | 24-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगें कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी के अति पिछड़े विकास खण्ड महेवा के ग्राम सरैनी में उरई पाल राजपुर मुख्य मार्ग से ग्राम कोढ़ा किरीही, रायपुर जीतामऊ तक 10 किमी0 का मार्ग जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>10-01-2025 | 25-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में राजा का ताल से नौसेरा ओवरब्रिज तक एन0एच0-2 पर स्थापित खराब स्ट्रीट लाइटों को सरकार बदलवायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>10-01-2025 | 26-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर ग्राम नून्ना खेड़ा नगला में विद्युत विभाग द्वारा बिजली घर स्वीकृत है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त के निर्माण हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>10-01-2025 | 27-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर में नये गन्ना केन्द्र की स्थापना विषयक गन्ना आयुक्त को प्रेषित पत्र संख्या ख-7 नं0-122161 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>10-01-2025 | 28-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर में क्रय केन्द्र-245 दढेडुकला सी में गन्ना किसानों की पर्ची (कोटा) विषयक गन्ना आयुक्त को प्रेषित पत्र संख्या ख-7 नं0-251092 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>10-01-2025 | 29-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर व शामली के अन्तर्गत कुछ ग्रामों में नए गन्ना केन्द्र के निर्माण कराने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्रांक संख्या ख-7 नं0-285665 गन्ना आयुक्त को प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरमान खान<br>16-01-2025 | 30-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में ऐशबाग स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर स्मारक स्थल का विकास किस कार्यदायी संस्था द्वारा किया जा रहा है तथा इस स्मारक स्थल की लागत क्या है और कार्य को कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति<br>[03-सोमवार के अतारांकित प्र0सं0-01 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>10-01-2025 | 31-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में नवीन तहसील सिरसागंज में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण अधिवक्ताओं, जनमानस एवं महिलाओं को असुविधा हो रही है ? क्या सरकार नवीन तहसील क्षेत्र में शौचालय की व्यवस्था कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व<br>[03-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-06 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| श्री मोहम्मद हसन रूमी<br>16-01-2025 | 32-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर में सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत कितनी और कौन-कौन सी सड़कें पहले और आखिरी चरण में चिन्हित की गई हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि सभी चरणों के लिए चिन्हित सड़कों को किस समिति ने मंजूरी दी ? क्या सरकार उक्त सभी सड़कों में व्यय स्वीकृत धनराशि एवं सीएम ग्रिड योजना के प्रथम चरण हेतु अनुमोदित कानपुर सड़कों के चयन का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा<br>10-01-2025 | 33-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रतापगढ़ की विधान सभा क्षेत्र रानीगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत राजापुर में गेलूपुर (अनुसूचित बस्ती) का विद्युतीकरण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| | ------ | |
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा<br>10-01-2025 | 34-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रतापगढ़ की विधान सभा क्षेत्र रानीगंज अन्तर्गत पड़वा से बसंत पट्टी सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा 10-01-2025 | 35-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रतापगढ़ की विधान सभा क्षेत्र रानीगंज अन्तर्गत पटहटिया खुर्द सम्पर्क मार्ग से बिंद बस्ती, यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा 10-01-2025 | 36-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जलवायु परिवर्तन और उससे होने वाले हानिकारक प्रभाव को रोकने हेतु सरकार ने कोई प्रभावी कार्य योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत 10-01-2025 | 37-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में होली एरच महोत्सव/मेला को प्रान्त स्तर पर कराने एवं भव्य आयोजन कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-336899, दिनांक 08 अक्टूबर, 2024 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत 10-01-2025 | 38-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी मे मोंठ-समथर-पंडोखर इन्टर स्टेट सड़क पर जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे होने से लोगों को आवागमन मे असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त सड़क की मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत 10-01-2025 | 39-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में मोठ नगर पंचायत में प्राचीन किले के प्रांगण में पार्क विकसित किये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-336897 दिनांक 08 अक्टूबर, 2024 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-8 |
| | ------ | |
| श्री संदीप सिंह 10-01-2025 | 40-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के अन्तर्गत नगर पंचायत बक्शी का तालाब के वार्ड नं0-03 सरकपुर सरैया में चौराहे से लेकर भानू | नगर विकास-1 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रताप सिंह के घर तक लगभग 500 मीटर मुख्य मार्ग विगत कई वर्षों से जर्जर हालात में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>10-01-2025 | 41-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में उपभोक्ताओं को मनमाने ढंग से बढ़ा हुआ बिल दियाा जा रहा है ? क्या सरकार उपभोक्ताओं के गलत बिल की समस्या का निराकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |
| | ------ | |
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>10-01-2025 | 42-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थित शुगर मिलों से निकल रहे हानिकारक धुआं एवं अशुद्ध जल की रोकथाम हेतु कोई उपाय किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? क्या सरकार बतायेगी कि चीनी मिल से निकल रहे अशुद्ध जल की प्रदूषण विभाग द्वारा कोई जांच करायी गई है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>10-01-2025 | 43-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया विद्युत बिल को जमा करने हेतु उनको दूरभाष, मैसेज अथवा नोटिस द्वारा बकाया बिल जमा करने के लिए सूचित किये जाने की नीति बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |
| | ------ | |
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>10-01-2025 | 44-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में हाई-वे के निर्माण में मिट्टी खनन से क्षतिग्रस्त हुए लिंक मार्गों का पुनर्निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| श्री अरमान खान<br>10-01-2025 | 45-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के अमन विहार डिप्टी खेड़ा में श्री अशोक त्रिपाठी के मकान से श्री संजय कश्यप के मकान तक जाने वाली जर्जर सड़क का निर्माण न होने से अत्यन्त परेशानी हो रही है ? यदि हां, | नगर विकास-7 |

तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सी0सी0/डामरीकृत सड़क का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>10-01-2025 | 46-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में कुल कितने घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है ? क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घण्टा विद्युत आपूर्ति करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>10-01-2025 | 47-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ विकास प्राधिकरण में मकान के मानचित्र पास कराने के क्या नियम हैं तथा नियम के अन्तर्गत आवेदन किये गए मानचित्रों को कितने समय में स्वीकृति प्रदान की जाती है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि भू-स्वामी द्वारा मकान व दुकान आदि का मानचित्र आवेदनों को लम्बे समय तक किस आधार पर स्वीकृत नहीं किया जाता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>10-01-2025 | 48-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत मकान एवं दुकान आदि के मानचित्र स्वीकृति हेतु एकल खिड़की का प्रावधान सरकार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री लकी यादव<br>10-01-2025 | 49-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मल्हनी के विकास खण्ड सिकरारा अन्तर्गत ग्राम कुंवरदा रसैना में अखिलेश मिश्रा के खेत से हरिजन बस्ती होते हुए पंचायत भवन तक तथा कन्हैया यादव की चक्की से गौड़ बस्ती तक पक्की सड़क निर्माण कार्य होना है जिसकी लम्बाई 2 किमी0 के पक्की सड़क का निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं,तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>10-01-2025 | 50-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर पालिका परिषदों में तैनात ऐसे अधिकारी जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन के द्वारा | नगर विकास-4 |

| | | |
|---|---|---|
| | एफ0आई0आर0 दर्ज हो उन्हें निलम्बित उपरान्त पुनः निलम्बन वाले स्थान पर अधिशासी अधिकारी के पद पर चार्ज देने तथा निलम्बन वाले स्थान पर उनके विरुद्ध चल रही जांच की शुचिता को बनाए रखने हेतु कोई नियम है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद शामली में ऐसे कुल कितने अधिशासी अधिकारी हैं जिनको भ्रष्टाचार निवारण संगठन की एफ0आई0आर0 में नाम जद होने के बाद निलम्बित किया गया तथा पुनः उस ही पालिका परिषद में तैनात कर दिया गया ? यदि हां, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं,तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>10-01-2025 | 51-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चंदौली में जिला मुख्यालय के अधूरे निर्माण कार्य को सरकार समय-सीमा निर्धारित कर पूर्ण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व<br>[03-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-11 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| श्री नाहिद हसन<br>10-01-2025 | 52-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के कुल कितने कृषकों के निजी ट्यूबवेल्स के विद्युत बिल दिनांक 10-01-2025 तक माफ किये जा चुके हैं ? जनपद शामली व सहारनपुर के कृषकों के निजी ट्यूबवेलों के माफ किए गए विद्युत बिलों का एस0डी0ओ0 कार्यालयवार विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| | ------ | |
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>10-01-2025 | 53-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधान सभा क्षेत्र किशनी में किशनी शमशेरगंज होकर सौरिख माटी तक के मार्ग-जीर्ण शीर्ण होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कराते हुए नवीनीकरण का कार्य पूर्ण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| डॉ0 नीरज बोरा<br>10-01-2025 | 54-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के उत्तर विधान सभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए डूडा लखनऊ में भेजे गए निर्माण कार्य जनपद इकाई द्वारा संस्तुत करने के | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |

उपरान्त सूडा और शासन में स्वीकृति की प्रतीक्षा में लम्बित पड़े हैं ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? क्या सरकार लम्बित प्रस्तावों की स्वीकृति सुनिश्चित करते हुए उक्त कार्य प्रारम्भ करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>10-01-2025 | 55-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम लखनऊ द्वारा जयशंकर प्रसाद वार्ड के चेतन विहार, सेक्टर-सी अन्तर्गत एम0जी0 22 और बी-45 के समक्ष पार्क स्थित है, जिसमें नई बोरिंग करायी गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि प्रश्नगत बोरिंग बनते ही बिगड़ गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार कार्य सम्पादित करने वाली एजेन्सी और ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए बोरिंग को दुरुस्त करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>10-01-2025 | 56-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के हुसैनाबाद क्षेत्र में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित म्यूजिकल फाउन्टेन बनने के बाद से ही बन्द पड़ा है तथा उसके संचालन और संरक्षण की कोई कारगर योजना अब तक प्रभावी नहीं है ? यदि हां, तो, क्या उक्त के दृष्टिगत कोई ठोस योजना बनाकर प्रश्नगत कार्य का संचालन सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>10-01-2025 | 57-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट की स्थिति बदहाल है, बेसमेंट में जल भराव, सीपेज, लिफ्ट की समस्या, क्लब सुविधा का अभाव और फायर फाइटिंग उपकरण के अभाव में आवंटियों को असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या उक्त निर्माण करने वाली संस्था के कामों की जांच कराकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रश्नगत समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-9 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन रूमी<br>10-01-2025 | 58-क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश भर के राज्य कर्मचारियों को करोना काल से पूर्व मिलने वाले नगर प्रतिकर भत्ता एवं धुलाई भत्ता को करोना काल से बंद कर दिया गया था उक्त दोनों भत्ते को पुनः चालू करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त (सामान्य)-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>11-01-2025 | 59-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना में प्रतिदिन एकत्रित होने वाले कूड़े के प्रबन्धन हेतु कोई प्रबन्ध किये गये हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि तहसील जसराना में कूड़े को प्रोसेस किये जाने हेतु मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केन्द्र की स्थापना किये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>11-01-2025 | 60-क्या उर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सूर्य घर योजना के अन्तर्गत जनपद-वार सोलर प्लांट लगाने का तय लक्ष्य क्या है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि तय लक्ष्य के सापेक्ष कितने सोलर पैनल लगाये जा चुके है ? क्या सरकार लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कोई योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>11-01-2025 | 61-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में राज्य कर विभाग के अधिकारियों द्वारा उद्यमियों को छापे एवं विभिन्न जांचों के नाम से उत्पीड़न करने से सरकार परिचित है ? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उद्यमियों का उक्त उत्पीड़न रोकना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य कर-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>11-01-2025 | 62-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि 74 वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में स्थापित भाग-9 (क) के अन्तर्गत 'सेल्फ गवर्नमेंट' के रूप में प्राविधानित 'नगर पालिका' को अनुच्छेद-243 ध/3 द्वारा वार्ड समितियों से सुसज्जित करने तथा अनुच्छेद-243 (ब) (ख) द्वारा वार्ड समितियों को शक्तियां व प्राधिकार प्रदान करने के मामले में सरकार द्वारा वर्तमान में कोई कार्य किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>11-01-2025 | 63-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर में संचालित चीनी मिलों से पर्यावरण को दूषित करने की जांच नियमित रूप से की जाती है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि वर्तमान में कितनी मिलों में एन0जी0टी0 व प्रदूषण के मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि नूरपुर बिंदल शुगर मिल चांगीपुर की प्रदूषण सम्बन्धित जांच की गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| | ------ | |
| श्री मनोज कुमार पारस<br>11-01-2025 | 64-क्या संसदीय कार्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के हवाई अड्डों पर सांसदों को अनुमन्य सुविधा/व्यवस्था की भांति उक्त सुविधा एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश विधान मण्डल सदस्यों को दिलाने हेतु सरकार कोई नीति बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नागरिक उड्डयन<br>[03-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-05 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| श्री पंकज पटेल<br>11-01-2025 | 65-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री पंकज पटेल<br>11-01-2025 | 66-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>11-01-2025 | 67-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शिकोहाबाद विधान सभा क्षेत्र ठार पूठा टीचर्स कॉलोनी से रेपुरा मार्ग सुभाष चन्द्र स्कूल तक नई आबादी क्षेत्र के पानी निकासी हेतु कोई भी नाला स्थित नहीं है ? जिससे क्षेत्र का गंदा पानी काफी बड़ी मात्रा में सड़क पर ही एकत्रित हो रहा है जिससे पूरे क्षेत्र में गम्भीर बीमारियाँ फैलने की सम्भावना बनी रहती है ? क्या सरकार उक्त स्थान पर गंदे पानी की निकासी हेतु नाला/सीवर लाइन का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा 14-01-2025 | 161-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में वर्ष 2017 में मक्खनपुर से नसीरपुर वाया जवेडा तक मार्ग का सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया था ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग को 8 वर्ष के पश्चात् पुनः क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण मार्ग की मरम्मत करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा 14-01-2025 | 162-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पत्र संख्या-क-7 नं0 334391, दिनांक 19-11-2024 जिसमें जनपद फिरोजाबाद के टी0टी0जेड0 क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |

| | | |
|---|---|---|
| | जाँच करने वाले यंत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा गलत स्थानों पर स्थापित करने के सम्बन्ध में उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>14-01-2025 | 163-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम फिरोजाबाद के सफाई कर्मचारी स्व0 राकेश पुत्र प्यारेलाल निवासी मथुरा नगर की मृत्यु दिनांक 23-03-2021 में हो गई थी ? यदि हां, तो क्या मृतक के परिवार को मृत्यु उपरान्त मिलने वाली सुविधायें/लाभ ग्रेच्युटी फन्ड, बीमा आदि लाभ दे दिया गया है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>14-01-2025 | 164-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती में जिला चिकित्सालय चौराहा तथा रोडवेज तिराहे पर प्रत्येक दिन ट्रैफिक जाम से जनमानस को समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर ओवरब्रिज का निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |
| | ------ | |
| श्री संग्राम सिंह<br>14-01-2025 | 165-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विभिन्न गाँव की आबादी में मकानों के ऊपर से गुजर रही एच0टी0 लाइन को हटाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>14-01-2025 | 166-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी अन्तर्गत टोला ताल (नोमढ़ी) का सौंदर्यीकरण कराने की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-5 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>14-01-2025 | 167-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी के अन्तर्गत पनवाड़ी कस्बा के आन्तरिक भाग में सड़क निर्माण का कार्य | लोक निर्माण-7 |

| | | |
|---|---|---|
| | गुणवत्ताहीन किया गया है ? क्या सरकार उक्त मार्ग की उच्च स्तरीय जांच कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>14-01-2025 | 168-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी अन्तर्गत सुपा से श्रीनगर तक गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग की जांच करा कर फर्म ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>14-01-2025 | 169-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में व्यापारियों को अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न तथा बिना नोटिस बुल्डोजर का दुरुपयोग को रोकने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>14-01-2025 | 170-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सीतापुर रोड लखनऊ में निर्मित प्रियदर्शिनी कॉलोनी के सेक्टर-बी के सामने हरित पट्टी बेल्ट है जिस पर भू-माफिया द्वारा अवैध कब्जा कर व्यापार चलाया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्य में प्राधिकरण के कतिपय अधिकारियों की संलिप्तता की जाँच कराते हुए हरित पट्टिका की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर दोषी कब्जेदारों और अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-8 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>14-01-2025 | 171-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के फैजुल्लागंज क्षेत्र में आई0आई0एम0 रोड के निकट बीएसयूपी योजना अन्तर्गत आवास का निर्माण और आवंटन किया गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि मौके पर अधिकांश आवास खाली हैं या किराये पर दूसरे परिवार रहते हैं ? क्या सरकार पूर्व में किये गए आवंटन निरस्त कर जरूरतमंद लोगों को पुनः जांच कर आवंटन करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? नहीं, तो क्यों ? | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>14-01-2025 | 172-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम लखनऊ की सीमा के अन्तर्गत सीतापुर रोड, डालीगंज बाजार, कपूरथला और कुर्सी रोड बाजार में शाम होते-होते प्रायः यातायात जाम हो जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि उक्त के जिम्मेदार कतिपय अधिकारीगण की संलिप्तता में रेहड़ी-पटरी दुकानदारों के कारण सड़क पर अतिक्रमण व वाहनों के खड़े होने से ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में अभियान चलाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने तथा पटरी दुकानदारों को अन्यत्र उपयुक्त स्थल पर विस्थापित करते हुए आवागमन को सुगम बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>15-01-2025 | 173-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रतिवर्ष मौसम की सटीक जानकारी न होने के कारण प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना में मौसम व वर्षा की सटीक जानकारी हेतु केन्द्र स्थापित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व<br>[03-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-04 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>15-01-2025 | 174-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि प्रदेश मे विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित विगत 5 वर्षों का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री गौरव कुमार<br>15-01-2025 | 175-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी के अन्तर्गत ब्लॉक-हरख मे जैदपुर-अजपुरा मार्ग से प्यारनपुर सम्पर्क मार्ग बहुत जर्जर होने के कारण आम जनमानस को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>15-01-2025 | 176-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा चांदपुर के ग्राम अकबरपुर झोझा से शेखपुरी मीना रजवाहा पटरी मार्ग कच्चा है, जिस पर आम-जन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार इस रजवाहा पटरी मार्ग पर नव निर्माण कार्य कराये जाने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | जल शक्ति (सिं0)<br>[03-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-09 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>15-01-2025 | 177-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज के अन्तर्गत विद्युत फीडर सलेमपुर करखा पर तैनात जे0ई0 गीतम सिंह द्वारा कार्य में की जा रही लापरवाही एवं अनियमितताओं के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता का पत्र मा0 ऊर्जा मंत्री एवं प्रमुख सचिव ऊर्जा पत्रांक क्रमशः क-7 न0 297005 एवं क-7 न0 297006, दिनांक-04/09/2024 उन्हें प्राप्त हुआ हैं ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>15-01-2025 | 178-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज के जिन मार्गों पर अभी तक प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण उक्त मार्गों पर आवागमन में आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर प्रकाश की व्यवस्था करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज<br>[03-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-10 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>15-01-2025 | 179-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में वनीय क्षेत्रों में हो रही लकड़ी की कालाबाजारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त को रोकने हेतु कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>15-01-2025 | 180-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण में कितने पात्र लाभार्थियों को उक्त योजना का लाभ | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |

| | | |
|---|---|---|
| | प्राप्त नहीं हुआ है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>15-01-2025 | 181-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में नगर सिरसागंज में दिनांक 15/01/2025 तक कितने मार्ग जर्जर अवस्था में हैं ? क्या सरकार उक्त मार्गों को चिन्हित कर निर्माण कार्य करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>15-01-2025 | 182-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग वर्जित है ? इसके वितरण एवं उपयोग करने वालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की जा रही है ? क्या सरकार उक्त प्लास्टिक के उत्पादन एवं भण्डारण पर पूर्ण पाबन्दी लगायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>15-01-2025 | 183-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी की तहसील गरौठा में खरीफ फसलों की बुआई एवं रबी फसलों की बुआई हेतु किसानों के निजी ट्यूबवेल संचालन हेतु 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0 105336, दिनांक 09 अक्टूबर, 2023 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |
| डॉ0 नीरज बोरा<br>15-01-2025 | 184-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जानकीपुरम में कुर्सी रोड स्पोर्ट्स कालेज से डी0एच0-2 कालोनी (गड़रियनपुरवा) को जाने वाला मुख्य मार्ग जर्जर है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| डॉ0 नीरज बोरा<br>15-01-2025 | 185-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विकास खण्ड इन्दौरा, तहसील बख्शी का तालाब अन्तर्गत ग्राम बौरामऊ मजरा लोधमऊ से किसान पथ की दूरी लगभग 500 मीटर है तथा इसे किसान पथ से जोड़ने | लोक निर्माण-1 |

वाली सड़क के निर्माण की कार्यवाही वर्षों से लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>15-01-2025 | 186-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नजूल भूमि खसरा संख्या-328, 329 व 291 स्थित मोहल्ला इरादतनगर, डालीगंज, लखनऊ में नये राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु प्रस्तावित भूमि हस्तान्तरित किये जाने विषयक अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या 522/एनएस/2024, दिनांक 25-07-2024 द्वारा प्रेषित पत्रावली आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को प्राप्त हुई है ? यदि हाँ, तो उक्त पद पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>15-01-2025 | 187-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, सदस्य, विधान परिषद उत्तर प्रदेश एवं अध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश के कार्यालय पत्र संख्या-117/बी0जे0पी0/2024, दिनांक 16/08/2024 द्वारा श्री कुलदीप संत, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग मुरादाबाद के विरुद्ध आपके विशेष सचिव श्री कुमार हर्ष जी द्वारा प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के नॉन आइजीआरएस सी0बी0 0007009643788, आइजीआरएस संख्या-18135240150643 के द्वारा कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है ? यदि हां, तो अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>15-01-2025 | 188-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में स्थित पंचमुखी मड़फा महादेव में मानपुर से मड़फा महादेव मंदिर में दर्शन हेतु दूर दराज से यात्रियों की भीड़ लगती है तथा मंदिर तक आवागमन की सुविधा न होने के कारण बहुतायत यात्री दर्शन से वंचित रह जाते हैं ? क्या सरकार मड़फा महादेव मंदिर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>16-01-2025 | 189-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्र संख्या-क-7 नं0 350710, दिनांक 16/12/2024 जो नगर निगम के वार्ड नं0 29 में नई आबादी वसंत विहार कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी के सम्बन्ध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>16-01-2025 | 190-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्र संख्या-क-7 नं0 350708 दिनांक 24/12/2024 जो जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद के नगला गुलरिया की नई आबादी क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य न कराये जाने के सम्बन्ध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |
| | ------ | |
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>16-01-2025 | 191-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग के अधीन अधिकांश सड़कें मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गयी हैं ? क्या सरकार उक्त सड़को को चिन्हित कर मरम्मत कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव<br>16-01-2025 | 192-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थित शुगर मिलों से निकल रहे हानिकारक धुआं एवं अशुद्ध जल की रोकथाम हेतु कोई उपाय किये गये हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि चीनी मिल से निकल रहे अशुद्ध जल की प्रदूषण विभाग द्वारा जांच करायी जाती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>16-01-2025 | 193-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के एन0एच0-31 दुबे छपरा ढाला से उदई छपरा रिंग बांध तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>16-01-2025 | 194-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शासनादेश सं0-634/9-3-11-243(आई)सी/97 लखनऊ दिनांक 12-04-2011 द्वारा प्राप्त स्वीकृति के अनुरूप प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0-628/अ-4-2/191-0034/11, दिनांक 26-04-2011 द्वारा विनियमित घोषित/विनियमित कार्मिकों मे से दिनांक 20-08-2020 के उपरान्त सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन भुगतान के आदेश निर्गत करने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 24-06-2023 अध्यक्ष, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) लखनऊ एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) एवं मुख्य अभियन्ता (अ-3) को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरमान खान<br>16-01-2025 | 195-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में दुबग्गा रेलवे पुल से भूहर रेलवे फाटक होते हुए सूरजकुण्ड मन्दिर से आगे तक सड़क जर्जर व खराब होने से आये दिन राहगीर चोटिल होते है ? क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल कुमार वर्मा<br>17-01-2025 | 196-विधान सभा के प्रथम सत्र 2023 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 22 के उत्तर के क्रम में क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के वार्ड नं0 3 सरकरपुर सरैंया नगर पंचायत बख्शी का तालाब में संजय रावत के घर से रैथा मार्ग तक जर्जर हो चुके खड़ण्जे पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है ? क्या सरकार उक्त मार्ग की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के साथ उक्त मार्ग का डामरीकरण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल कुमार वर्मा<br>28-01-2025 | 197-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के उत्तरी विधान सभा क्षेत्र फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत दाऊद नगर में दुर्गा प्रसाद महाराणा के घर से विजय तिवारी के घर तक लगभग 200 मी0 मार्ग जो जर्जर | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| | है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का नवनिर्माण कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रसन्न कुमार<br>06-01-2025 | 198-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कुड़ाना रोड पर सूरजमल विहार के निकट अनुज कुमार पुत्र जयप्रकाश के मकान के बाहर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिससे आये दिन ट्रांसफार्मर से चिंगारियां व आग निकलती रहती है जिससे आस-पास रह रहे लोगों में भय की स्थिति बनी रहती है। क्या सरकार उक्त ट्रांसफार्मर को हटाकर अन्य किसी स्थान पर स्थानान्तरित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>11-01-2025 | 199-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती में डूडा द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में आउट सोर्सिंग के माध्यम से कितनी नियुक्तियां तथा किन फर्मों द्वारा कार्य करायी गई है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>12-01-2025 | 200-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-क-7 नं0-334377, दिनांक 28-11-2024 जिसमें ईशा दुहन, पी0वी0वी0एन0एल0, मेरठ के असिस्टेंट द्वारा बहुत असभ्य, अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया था ? असिस्टेंट के द्वारा एक जनप्रतिनिधि की उपेक्षा की गई थी उन्हें पत्र प्राप्त हुआ ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>13-01-2025 | 201-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रतापगढ़ में आदर्श नगर पंचायत पट्टी द्वारा ग्राम सभा क्षेत्र परसनी के रत्तूपुर गांव में कान्हा गौशाला योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन गौशाला में मानकविहीन सामग्री के उपयोग व कुप्रबंधन व सरकारी धन के दुरुपयोग होने की | नगर विकास-7 |

जानकारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की उच्चस्तरीय जांच कराकर जांच रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>15-01-2025 | 202-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के सिराथू तहसील क्षेत्र में ससुर खदेरी नदी के आस-पास के क्षेत्रों में नील गायों के कारण किसानों की खड़ी फसलों को नष्ट होने से बचाने की कोई कार्य योजना बनायी गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-4 |

------

# नत्थी (ख)

## याचिकाओं का उपस्थापन

1-श्री राजपाल सिंह बालियान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मुजफ्फरनगर के विधान सभा क्षेत्र बुढ़ाना के विकास खण्ड बुढ़ाना के ग्राम जैतपुर वाया श्यामपुर भट्ठे के पास से लालू खेड़ी-फुहाना क्षतिग्रस्त खड़न्जा मार्ग (ल0 2.5 किमी0) का लेपन कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजेन्द्र व अन्य निवासीगण जनपद मुजफ्फरनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

2-श्री बेचई सरोज, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ की तहसील लालगंज के अन्तर्गत ग्राम असवनियां, खरगीपुर, गोड़हरा व कुड़िहर में सिंचाई हेतु शारदा सहायक खण्ड-23 से लिंक माइनर का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

3-डॉ0 सुरभी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फर्रुखाबाद के विधान सभा क्षेत्र कायमगंज के अन्तर्गत ग्राम सिवाराखास एवं कुवांखेड़ा वजीर आलम को नगर पंचायत का दर्जा दिलाये जाने के सम्बन्ध में श्री हरिदत्त शाक्य व अन्य निवासीगण जनपद फर्रुखाबाद की याचिका उपस्थित करेंगी।

4-श्री महेन्द्रपाल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड भटहट के अन्तर्गत ग्राम सभा समदार बुजुर्ग में पक्की सड़क से खजान्ची टोला तक सम्पर्क मार्ग को पक्का बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री संजय सिंह प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

5-श्री अमरेश कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड उरूवा के दिघिया सिरसा मार्ग पर निधी सोनकर के पेट्रोल पम्प के पास से जेरा-अनौर जाने वाले मार्ग से निकली लिंक रोड (ल0 2000 मी0) की जो दलित बस्ती सरांयकला होते हुए ग्राम अछोला को लिंक करती है, की चौड़ाई सही कराते हुए मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजयशंकर तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

6-श्री पीयूष रंजन निषाद, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड क्षेत्र करछना में निबन्धन कार्यालय (रजिस्ट्री आफिस) का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री महेश चन्द्र मिश्रा निवासी जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

7-श्री दिनेश रावत, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बाराबंकी के ग्राम पंचायत रसूलाबाद में संतऊ रावत के दरवाजे से प्राथमिक विद्यालय रसूलाबाद तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामतीरथ वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित करेंगे।

8-श्रीमती केतकी सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बाँसडीह में महिला महाविद्यालय बनवाये जाने के सम्बन्ध में सुश्री शिम्पी सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित करेंगी।

9-श्रीमती मीनाक्षी सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बुलन्दशहर की तहसील खुर्जा के अरनिया ब्लाक में ग्राम हिसारा से हिसौटी शिव मंदिर से होते हुए नंगला खेड़ा में विकास प्रधान के खेत तक सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग से कराये जाने के सम्बन्ध में श्री देवराज सिंह उर्फ देबू व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित करेंगी।

10-श्री शफीक अहमद अंसारी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद रामपुर के नगर पालिका परिषद् स्वार के ग्राम चकस्वार के गाटा संख्या-159 से उद्यान विभाग का कब्जा हटाये जाने के सम्बन्ध में श्री पंकज सैनी व अन्य निवासीगण जनपद रामपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

11-श्रीमती मिथलेश पाल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मुजफ्फरनगर के विधान सभा क्षेत्र मीरापुर के ग्राम सालारपुर से तिसंग मार्ग (ल0 9 किमी0) का नव निर्माण/मरम्मत

कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अशोक कुमार व अन्य निवासीगण जनपद मुजफ्फरनगर की याचिका उपस्थित करेंगी।

12-श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद इटावा के विधान सभा क्षेत्र भरथना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैंफी के मजरा नगला रतन से ऊसराहार-भरथना मार्ग तक सड़क का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विनोद जाटव व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित करेंगे।

13-इंजी0 बृजेश कठेरिया, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मैनपुरी के विधान सभा क्षेत्र किशनी के अन्तर्गत किशनी चौराहे से बसैत गयकापुर होकर शमशेरगंज मार्ग तक एवं किशनी से शमशेरगंज लैगांव होकर सौरिख रोउ तक मार्ग का नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जगदीश यादव व अन्य निवासीगण जनपद मैनपुरी की याचिका उपस्थित करेंगे।

14-श्री अनिल पाराशर, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अलीगढ़ महानगर में मेट्रो का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री उमेश कुशवाहा व अन्य निवासीगण जनपद अलीगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

15-श्री महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अमरोहा के विकास खण्ड हसनपुर के अन्तर्गत सौहरका से अल्लीपुर मिलक तक मार्ग का डामरीकरण कार्य कराने के सम्बन्ध में श्री भोले सिंह व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे।

16-श्री सर्वेश सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज के अन्तर्गत ब्लॉक मदनपुर के ग्राम सभा खितौली में राकेश की चक्की से आगे तक नाले व मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कुलदीप यादव व अन्य निवासीगण जनपद फिरोजाबाद की याचिका उपस्थित करेंगे।

17-श्री संजीव शर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गाजियाबाद के विकास प्राधिकरण के गोदाम के नाम से जानी जाने वाली भूमि पर मल्टी लेवल पार्किंग बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री उमेश भाटी व अन्य निवासीगण जनपद गाजियाबाद की याचिका उपस्थित करेंगे।

18-श्री समर पाल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अमरोहा के विकास खण्ड गजरौला के अन्तर्गत ग्राम कटाई अब्दीपुर के चौराहे से टाण्डा पूठी तक दूरी लगभग 500 मी0

मार्ग को पक्का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आसिफ व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे।

19-श्री देवेन्द्र सिंह राजपूत, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कासगंज के विधान सभा क्षेत्र-100, सदर के अन्तर्गत ग्राम हरसिंहपुर से सिरोली तक मार्ग का नवीनीकरण के साथ विशेष मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में श्री योगेश कुमार व अन्य निवासीगण जनपद कासगंज की याचिका उपस्थित करेंगे।

20-श्री मोहम्मद ताहिर खान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र-187, इसौली में नया ब्लाक बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री नरेन्द्र व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

21-श्री हरिप्रकाश वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद शाहजहाँपुर की तहसील जलालाबाद के जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग से ग्राम कोठा मंझा तक मार्ग का नव निर्माण व पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजपाल सिंह व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

22-श्रीमती मनीषा अनुरागी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हमीरपुर की तहसील राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री महेन्द्र शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद हमीरपुर की याचिका उपस्थित करेंगी।

23-श्री अखिलेश यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के विकास खण्ड सठियांव के ग्राम सभा समेंदा में पिच रोड से भरथही तक सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रकाश यादव व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

24-श्री अनुराग सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मिर्जापुर के चुनार नगर में स्थित गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित बालू घाट पर पक्का स्नान घाट का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री चन्द्रहास गुप्ता व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

25-श्री वीरेन्द्र चौधरी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद महराजगंज के नगर पंचायत आनंदनगर में खाली पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में

पुनर्विकसित किये जाने के सम्बन्ध में श्री अरुण जायसवाल व अन्य निवासीगण जनपद महराजगंज की याचिका उपस्थित करेंगे।

26-श्री जय कुमार सिंह जैकी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी के विकास खण्ड तेलियानी में धारूपुर में नहर पुलिया का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सोनू विश्वकर्मा व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

27-श्री राकेश कुमार यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलरामपुर के ब्लाक पचपेड़वा, तहसील तुलसीपुर के अन्तर्गत ग्राम जोगिहवा से बलानदिहवा तक वर्षों पुराने जर्जर मार्ग के चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती रूकमनी देवी व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

28-श्री आशीष कुमार सिंह "आशू", मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र-159, बिलग्राम मल्लावां के अन्तर्गत फर्म मेसर्स गोवर्धन एण्ड कम्पनी द्वारा बिलग्राम-रहुला-जफरपुर मार्ग पर गहा नाले पर पुल के निर्माण की उच्च स्तरीय सत्यापन व गुणवत्ता की जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री पिंटू सिंह अर्कवंशी व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित करेंगे।

29-श्री ओम प्रकाश, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के कानपुर रोड स्थित बरगवां क्षेत्र में साप्ताहिक मंगलवार बाजार से होने वाले जाम से निजात दिलाये जाने अथवा बाजार को अन्यत्र विस्थापित किये जाने के सम्बन्ध में श्री धीरेन्द्र कुमार तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

30-श्री मनोज कुमार पारस, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बिजनौर, ब्लाक कोतवाली के ग्राम अकबराबाद में राजकीय कन्या इण्टर कालेज का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मौहम्मद मंसूर आलम व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित करेंगे।

31-श्रीमती गुड़िया कठेरिया, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद औरैया के अन्तर्गत वृद्धाश्रम का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री इन्द्रपाल व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित करेंगी।

32-श्री राम प्रताप वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र उतरौला के गोमड़ी रेहरा सहदुल्लानगर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अज्ञाराम वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

33-डॉ0 अजय कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बागपत के विकास खण्ड बिनौली के ग्राम ईदरीशपुर में जयपाल सिंह के खेत से कंडेरा-नांगल मार्ग तक पक्की सड़क (डामरीकरण) लम्बाई लगभग 02 किमी0 का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम नाथ सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बागपत की याचिका उपस्थित करेंगे।

34-श्री वाचस्पति, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद जौनपुर की तहसील शाहगंज के विकास खण्ड खुटहन के अन्तर्गत ग्राम व पोस्ट अंगुली के अन्तर्गत कमलेश के घर से 500 मी0 तक खड़न्जा/सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अभय सिंह व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

35-श्री महेन्द्र नाथ यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बस्ती के ब्लाक साउघाट के अन्तर्गत ग्राम रानीपुर में नाउटोला से रानीपुर सीमा तक नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नुरुल हसन व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित करेंगे।

36-श्री सुरेन्द्र दिलेर, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अलीगढ़ के ब्लाक टप्पल में यमुना नदी पर ग्राम शेरपुर से लेकर मालव सीमा गिरधरपुर तक 50 कटिबन्ध लगाये जाने के सम्बन्ध में श्री ऋषिपाल व अन्य निवासीगण जनपद अलीगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

37-श्री प्रभात कुमार वर्मा एडवोकेट, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोण्डा की तहसील मनकापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड बभनजोत के सादुल्लानगर चन्द्रदीप घाट मार्ग के अवशेष भाग खुर्दमढ़वा से हबीबनगर बाजार तक लगभग 1 किमी0 मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री वीरेन्द्र कुमार व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका उपस्थित करेंगे।

38-श्री कमलाकान्त राजभर, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड फूलपुर में स्थित शाहगंज पल्थी मुख्य मार्ग से नटौली सरहद (ग्राम बैरकडीह) में सड़क का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अरविन्द राजभर व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

39-श्री अनिल प्रधान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद चित्रकूट विधान सभा क्षेत्र सदर चित्रकूट विकास खण्ड कर्वी के ग्राम पंचायत कपसेठी में दयाराम की दुकान से बद्री प्रसाद पटेल की दुकान तक नाला निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुभाष सिंह पटेल व अन्य निवासीगण जनपद चित्रकूट की याचिका उपस्थित करेंगे।

40-श्रीमती राजबाला, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र महाराजपुर के अन्तर्गत हंसपुरम वार्ड के अन्तर्गत विद्युत पोल को शिफ्ट कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती सुधा देवी निवासी जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित करेंगी।

41-श्री तुफानी सरोज, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र केराकत के अन्तर्गत केराकत जौनपुर पिच मार्ग पर मुफ्तीगंज शिव बहालगंज बाजार से बेलाव बाजार तक के सड़क का मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सत्यनारायण यादव व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

42-श्री गुरुप्रसाद मौर्य, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज में फाफामऊ शारदा सहायक खण्ड-48 सकरदहा से वाया मुकुन्दपुर-सलेमपुर-मऊआइमा-अयोध्या मार्ग तक नहर का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बुन्देल सिंह व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

43-श्री कैलाश नाथ शुक्ल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र तुलसीपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड हरैया सतघरवा के ग्राम सोनडीह, मौजा सिकन्दरपुर बोझी, ग्राम हड़हा, मौजा गोडवा तथा विकास खण्ड तुलसीपुर के ग्राम गढ़वा को पहाड़ी नालों/राप्ती नदी के कटान से बचाने के सम्बन्ध में श्री शंकर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

44-श्री दुर्गा प्रसाद यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद जौनपुर की तहसील शाहगंज के अन्तर्गत ग्राम नटौली में काशीराम कालोनी के पास स्थित सभय राज के मकान के नजदीक स्थित विद्युत पोल पर लगे हाईटेंशन तार को अन्य स्थान पर शिफ्ट कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सभय राज पुत्र स्व0 जगरनाथ व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

45-श्री अनिल शर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बुलन्दशहर के सिकन्द्राबाद क्षेत्र के गुलावठी बिजली घर चौक मेन मार्केट से आर्य कन्या पाठशाला होते हुए बुलन्दशहर हापुड़

स्टेट हाई-वे तक के मार्ग का निर्माण (सी0सी0) एवं नाली निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र तेवतिया व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित करेंगे।

46-श्री भगवान सिंह कुशवाहा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आगरा की तहसील खैरागढ़ के कस्बा खैरागढ़ में रोडवेज बस स्टैण्ड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित करेंगे।

47-श्री महबूब अली, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र-41, अमरोहा में जोया, सम्भल मार्ग जनपद अमरोहा की सीमा तक लम्बाई लगभग 20 किमी0 मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शकील प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे।

-------

नत्थी (ग)

# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।
भारत-भाग्य-विधाता।।
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग।
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,
उच्छल-जलधि-तरंग।।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे।।
गाहे तव जय गाथा।।
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत-भाग्य-विधाता।।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय, जय हे।।

------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) द्वारा मुद्रित।